14.20 hrs.

STATUTORY RESOLUTION RE. DISAPPROVAL OF NATIONAL SECURITY ORDINANCE AND NATIONAL SECURITY BILL

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up the Statutory Resolution seeking disapproval of the National Security Ordinance, 1980 and the National Security Bill for which 7 hours have been allotted. If the House agrees, we may have 4 hours for the Statutory Resolution and the General Discussion on the Bill, 2 hours for clause-by-clause consideration of the Bill and 1 hour for third reading of the Bill.

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN (Badagara): I suggest 5 hours and 2 hours respectively.

MR. DEPUTY-SPEAKER: 4 hours for the Statutory Resolution is quite reasonable. The discussion is together only.

SHRI SATISH AGARWAL (Jaipur): 4 hours is not sufficient.

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): You will be forced to make it 10 hours. The hon. Members on both the sides have to speak.

MR. DEPUTY-SPEAKER: We cannot increase 7 hours. Five hours, as suggested by an hon. Member, for General Discussion and two hours for Clause-by-Clause Consideration and also Third Reading.

SOME HON. MEMBERS: No, no.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am agreeing to your point. Somebody suggested this.

PROF. MADHU DANDAVATE: The Business Advisory Committee is meeting. There we shall put forward the proposition....

MR. DEPUTY-SPEAKER: All right. The time allotment now is five hours and two hours. This is tentative, as you say.

My appeal to all of you is this. Every Party has been allotted some time. I would ring the bell. Of course, you will forgive me for ringing the bell at a time when you may be dealing with a very important point. Therefore, you will all cooperate so far as time is concerned. (*Interruptions*)

PROF. MADHU DANDAVATE: The hon. Member who moves the motion always takes more time irrespective of his Party affiliation. That should be borne in mind.

MR. DEPUTY-SPEAKER: That is half an hour. Don't worry. Mr. Atal Bihari Vajpayee.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (नई दिल्ली): उपाध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित संकल्प पेश करता हूं:—

यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 22 सितम्बर, 1980 को प्रख्यापित राष्ट्रीय सुरक्षा अध्यादेश, 1980 (1980 का अध्यादेश संख्या 11) का निरनुमोदन करती है ।

उपाध्यक्ष महोदय, पिछले 10 महीनों में 19 अध्यादेश जारी किये गये। कल हम ने एक अध्यादेश पर मुहर लगाई थी और आज दूसरा अध्यादेश विचार के लिए पेश है। संविधान अध्यादेश जारी करने का अधिकार देता है किन्तु इस अधिकार का दुरुपयोग रहा है। संविधान की धाराओं के अन्तर्गत राष्ट्रपति महोदय का यह दायित्व है कि वे स्वयं को संतुष्ट करें कि ऐसी परिस्थिति पैदा हो गई है, जिस में अध्यादेश जारी करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है लेकिन इस समय जो अध्यादेश जारी किये गये हैं, वे राष्ट्रीय सुरक्षा से ले कर वनों के संरक्षण तक जाल फैलाते हैं। क्या वनों के संरक्षण का अध्यादेश रुक नहीं सकता था? क्या उस के लिए सरकार सदन की बैठक के लिए थम नहीं सकती थी। लेकिन अध्यादेशों का राज्य है और पार्लियामेंट में प्रति दिन एक अध्यादेश आता है। सचमुच में कल जो अध्यादेश पारित किया गया, उस के बाद नेशनल सेक्यूरिटी आर्डीनेन्स की जरूरत ही नहीं रहती। आप ने जूडीशियल मैजिस्ट्रेट के अधिकार एक्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट को दे दिये और सभी कानून

अब इस सीमा में आ गये कि अगर एक्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट, जो सरकार का अफसर होगा, समझता है कि किसी व्यक्ति को किसी अपराध से रोकने के लिए जमानत मांगना जरूरी है, तो वह जमानत मांग सकता है अगर ठीक जमानत न हो, तो जमानत को रद्द कर सकता है, अगर गिरफ्तार कर के जेल में डालना चाहे, तो वह भी कर सकता है। जमानत के नियम और कड़े बना दिये गये हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि इस नेशनल सेक्योरिटी आर्डीनेन्स की जरूरत क्या थी? 22 सितम्बर, 1980 को देश में ऐसी कौन सी परिस्थिति पैदा हो गई थी कि जिस से सरकार की नींद हराम हो गयी, उस ने व्यक्तिगत स्वाधीनता पर हमला करने का फैसला कर लिया। राष्ट्रीय सुरक्षा विधेयक पर जब धारानुसार बहस होगी तो यह प्रश्न उठेगा कि इस आर्डिनेंस के अन्तर्गत जो डिफेंस आफ इंडिया की चर्चा की गयी है, सिक्योरिटी आफ इंडिया की चर्चा की गयी है और सिक्योरिटी आफ स्टेट की चर्चा की गयी है, इनमें फर्क क्या है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से पूछा जा सकता है कि डिफेंस आफ इंडिया और सिक्योरिटी आफ इंडिया में क्या फर्क है? अगर फर्क है तो सिक्योरिटी आफ इंडिया और सिक्योरिटी आफ स्टेट में क्या फर्क है? लेकिन अध्यादेश जल्दबाजी में लिखे जा रहे हैं और उस से भी ज्यादा जल्दबाजी में उन्हें लागू किया जा रहा है। सरकार संसद् की बैठक के लिए भी रुकने को तैयार नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, ऐसा दिखायी देता है कि हर मोर्चे पर अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने के लिए यह किया जा रहा है। **(व्यवधान)**

जब मैं यह कहता हूं कि मुझे दिखायी देता है तो मैं आपकी आंख से तो देख नहीं सकता। **(व्यवधान)** उपाध्यक्ष महोदय, ये चाहते हैं कि देखूं मैं मगर आंख इनकी हो।

उपाध्यक्ष महोदय, विफलताओं की चर्चा करने पर हमारे माननीय मित्र बौखला उठते हैं। अगर आप विफल नहीं हुए हैं और देश में सब कुछ ठीक है, कीमतें कम हो रही हैं और जरूरत की चीजें पर्याप्त मात्रा में बाजारों में उपलब्ध हैं, अगर जान-माल की पूरी हिफाजत है और शेर और बकरी एक घाट पर पानी पी सकते हैं, हर जगह चैन की बंसी बज रही है और आनन्द की गंगा बह रही है तो फिर नेशनल सिक्योरिटी एक्ट की क्या जरूरत है? हमारे विरोधी मित्र दोनों पैंतरे एक साथ नहीं उठा सकते। अगर 10 महीने में स्थिति सुधरी है तो यह अध्यादेश अनावश्यक है। यदि स्थिति सुधरी नहीं है, और अधिक बिगडी है तो बिगड़ती हुई स्थिति के खिलाफ लोग अपनी आवाज न उठा सकें, उनका गला दबाने के लिए आप यह अध्यादेश लाये हैं।

भारत यूनिवर्सल डिक्लेरेशन आफ ह्यूमन राइट्स का साझीदार है। उस डिक्लेअरेशन की धारा 9 के अनुसार किसी भी व्यक्ति को आरबीट्रेरीली अरेस्ट या डिटेन नहीं किया जा सकता। हम ने भी अपने संविधान में धारा 51 (3) में यह कहा है कि हम इन्टरनेशनल कानूनों का पालन करेंगे। लेकिन इस अध्यादेश के द्वारा हम उनका उल्लंघन कर रहे हैं। आज के समाचारपत्रों में इन्टरनेशनल अमेनेस्टी की एक रिपोर्ट छपी है। उन्होंने जब यह रिपोर्ट लिखी थी तो उनको पता नहीं था कि हिन्दुस्तान में कितनी तेजी से स्थिति बिगड़ रही है। उन्होंने कहा है कि प्रिवेंशन आफ ब्लैक मार्केटिंग एण्ड सप्लाई आफ असेंशयल कमोडिटीज में जो प्रिवेंटिव डिटेंशन की व्यवस्था है, वह उचित नहीं है। लेकिन अब जब वे नेशनल सिक्योरिटी आर्डिनेंस को देखेंगे तो उन्हें लगेगा कि भारी जनाधिकारों के हनन के राजपथ पर कितनी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारे संविधान निर्माताओं ने यह व्यवस्था की थी कि किसी व्यक्ति को बिना कारण बताये गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, बिना मुकदमा चलाये जेल में नहीं रखा जाएगा। लेकिन उस समय की परिस्थिति को ध्यान में रख कर संविधान में नजरबन्दी का प्रबन्ध किया गया था। लेकिन ऐसा लगता है कि जो प्रबन्ध अस्थायी था, अब उसको स्थायी बनाया जा रहा है। उस समय के गृह मंत्री सरदार पटेल ने पहली बार नजरबंदी का कानून पार्लियामेंट में पेश किया था तो उस समय उन्होंने कहा था कि मुझे रातों को नींद

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

नहीं आयी। इतिहास अपने को दोहरा रहा है। आज सरदार जैल सिंह हमारे गृह मंत्री हैं, सरदार पटेल को कानून पेश करने से पहले रातों को नींद नहीं आई, लेकिन सरदार जैल सिंह की यह हालत है कि कानून पेश करने के बाद, अध्यादेश लाने के बाद इतने प्रसन्न हैं कि दिन में भी सोना शुरू कर दिया है।

व्यक्तिगत स्वाधीनता पर हमला, व्यक्तिगत स्वाधीनता को मर्यादित रखना युद्ध के काल में तो उचित हो सकता है, लेकिन शांति के काल में नहीं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: This is also an attack on the individual liberty of sleeping.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: It is not objectionable. The Home Minister is not here. It is he who has to execute the order.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has come now.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: व्यक्तिगत स्वाधीनता को अवरुद्ध करना कोई साधारण बात नहीं है। अगर सरकार इस परिणाम पर पहुंची है कि सामान्य कानून का उपयोग करके देश की परिस्थिति को काबू में नहीं रखा जा सकता तो मानना पड़ेगा कि सरकार परिस्थिति पर काबू नहीं कर पा रही है। वह असाधारण अधिकार लेने जा रही है। इन असाधारण अधिकारों की क्या आवश्यकता है? आप विधेयक के उद्देश्यों पर प्रकाश डालने वाला वक्तव्य देख लें। उससे किसी को संतोष नहीं हो सकता है।

नजरबंद करने का अधिकार दिया जा रहा है जिला मजिस्ट्रेट को, पुलिस कमिश्नर को दिल्ली में पुलिस कमिश्नर का राज है, दिल्ली में लोग नजरबंद किए जा रहे हैं, आदेशों की नकलें मेरे पास हैं। पुलिस कमिश्नर को इतना समय नहीं है कि हर मामले पर गौर कर सकें, आजादी छीनने से पहले अपने को संतुष्ट कर सकें। साइक्लोस्टाइल किए हुए आदेश रखे हुए हैं, जिनमें केवल नाम भरे जाते हैं, पुलिस कमिश्नर को दस्तखत करने का भी वक्त नहीं है, दस्तखत भी साइक्लोस्टाइल कर दिए गए, एक कापी पर दस्तखत कर दिए बाकी के सब साइक्लोस्टाइल किये गये दस्तखत से लोगों की आजादी छीनी जा रही है।

उपाध्यक्ष महोदय, हम लोग मीसा में 19 महीने बंद थे। जब मीसा आया तो यह आश्वासन दिया गया था कि इसका उपयोग राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ नहीं किया जाएगा, लेकिन अनुभव क्या हुआ? गृह मंत्री महोदय भी यह आश्वासन देते हैं, मगर उस आश्वासन की कोई कीमत नहीं है। उत्तर प्रदेश में विरोधी दल के नेता नजरबंद किए गए इस काले अध्यादेश के अंतर्गत। गुजरात में मूल्य वृद्धि के खिलाफ जो आंदोलन हुआ था उसमें भाग लेने वाले गिरफ्तार किए गए। अगर उन्होंने कोई अपराध किया था तो उन पर मुकदमा चलाना चाहिए। अगर वे शांति भंग के अपराधी हैं तो कानून उनको खबर लेगा, लेकिन सबूत नहीं, प्रमाण नहीं, गवाह नहीं, दलील नहीं, वकील नहीं, अपील नहीं, अंग्रेजी राज के रौलट एक्ट के जमाने को फिर से ताजा करने की कोशिश की जा रही है। मध्य प्रदेश में इंदौर के जिला-अधिकारी ने सिफारिश की कि कुछ लोग पेशेवर गुण्डे हैं, हैबीचुअल अफेंडर्स हैं. . . (व्यवधान)

श्री राम प्यारे पनिका (राबर्ट्सगंज): मध्य प्रदेश में इनकी सरकार ने मीसा में लोगों को नजरबंद किया था। कौन सा परिपत्र भेजा था आपने, इस पर भी आप प्रकाश डालें।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: मैं प्रकाश भी डालूंगा और आपके ऊपर थोड़ा अंधेरा भी डालूंगा।

जिले के अफसरों ने सिफारिश की कि कुछ लोगों को नजरबंद कर देना चाहिए क्योंकि वे गुंडे हैं। लेकिन राज्य सरकार ने उस सिफारिश को स्वीकार नहीं किया क्योंकि इंदौर में एक उपचुनाव होने वाला था और उस उपचुनाव को जीतने के लिए गुंडों की मदद की जरूरत थी। मुख्य मंत्री ने बयान दिया कि हम व्यक्तिगत स्वाधीनता को छीनने से पहले सौ बार सोचना चाहते हैं। अगर मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री सौ बार सोचना चाहते हैं तो केन्द्र के गृह मंत्री को

एक हजार बार तो सोचना ही चाहिए। लेकिन वह सोचने के लिए तैयार नहीं है।

उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद में एक ऐसे व्यक्ति को नजरबंद किया गया है जिस पर आरोप लगाया गया था कि तुम उस तारीख को अमुक कार्रवाई कर रहे थे जबकि उस तारीख को वह जेल में था। अगर जेल में था तो वह अपराध कैसे कर रहा था और अगर अपराध नहीं कर रहा था तो नजरबंद कैसे हो सकता है।

एक माननीय सदस्य: आर. एस. एस. का बहुरूपिया होगा।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: कुछ उधर भी बैठे हैं, जरा होशियार रहिये। सरकार अदालतों के सामने जाने से कतराती क्यों है? 24 घंटे के अन्दर जिस व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाए अगर उसे मैजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया जाएगा तो केरल में जिस तरह से राजन की हत्या हुई उस तरह से हत्यायें होंगी, भागलपुर में जिस तरह से आंखें निकाली गईं उस तरह से आंखें निकाली जाने के प्रकरण होंगे। आखिर आप गिरफ्तार करते हैं तो आपके पास कोई सामग्री तो होती है जिस के आधार पर आप नजरबंदी के आदेश देते हैं। अगर वह सामग्री और वे कारण किसी को नजरबंद करने के लिए काफी है तो वह आधार और वे कारण जिस व्यक्ति को नजरबंद किया जाता है, उसको बताने में क्यों आपत्ति होनी चाहिये? लेकिन मैं दिल्ली का आदेश पढ़ कर सुना सकता हूं। एक आदेश में कहा गया है क्योंकि आप लगातार अपराध करते रहते हैं इसलिए सरकार ने फैसला किया है कि अब आपको नजरबंद किया जाएगा। क्या अपराध करने वालों के खिलाफ आपके पास और कोई कानून नहीं है? क्या आप अपराधी को कठघरे में खड़ा नहीं कर सकते हैं? क्यों इंसाफ की तराजू पर सरकार अपने आपको तोलने के लिए तैयार नहीं है?

युद्धकाल में जब सीमाओं पर संकट हो, भारत की आजादी पर आंच आए, प्रादेशिक अखंडता खतरे में पड़ जाए, तब उस असाधारण परिस्थिति में व्यक्ति की स्वाधीनता को सीमित करने के बारे में सोचा जा सकता है। लेकिन उसके बारे में भी मैं कहना चाहूंगा कि इस सरकार ने मीसा का जिस तरह से दुरुपयोग किया उसको देखते हुए अब राष्ट्रीय संकट के समय भी हम इस सरकार को असाधारण अधिकार देने के बारे में कुछ कहने से पहले दो बार जरूर सोचना चाहेंगे। हम दूध के जले हैं, छाछ को भी फूंक फूंक कर पीना चाहते हैं। 1971 में बंगला देश के संकट का लाभ उठा कर इस देश में मीसा पास किया गया था। विरोधी दल ने कोई आपत्ति नहीं की थी। बाद में जब जय प्रकाश जी जैसे नेता को नजरबंद कर दिया गया था तब भारत के एटर्नी जनरल ने सुप्रीम कोर्ट में खड़े हो कर कहा था कि अगर पुलिस गोली भी मार दे तो कोई एतराज नहीं कर सकता है। उस पुराने इतिहास को क्या हम भूल सकते हैं? आज कौन सी नई परिस्थिति पैदा हो गई है? मैं फिर पूछना चाहता हूं कि क्यों आपको यह काला कानून बनाने की जरूरत महसूस हुई है? लार्ड सीमन ने कहा था जिस को मैं उद्धृत करना चाहता हूं:

> "To arrest a person without telling him as to why he is being arrested is the law of tyrant and that of slaves."

यह नैशनल सिक्योरिटी आर्डिनेंस नहीं है, यह नैशनल स्लेवरी आर्डिनेंस है। हम को आपकी नीयत पर शक है। जिस तरह से सत्ता का दुरुपयोग आप कर रहे हैं उसको देखते हुए हम ये असाधारण अधिकार आपके हाथ में नहीं दे सकते।

श्री राम प्यारे पनिका: मध्य प्रदेश में क्या हुआ था आपके राज में?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: ये बार-बार कह रहे हैं कि जनता पार्टी भी इसको लागू करना चाहती थी। आपको याद है कि जनता पार्टी के राज में एक बिल पेश किया गया था लेकिन जनमत के दबाव से और पार्टी के दबाव से उस बिल को वापिस लेना पड़ा था। हम देखना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी कितना जोर दिखाती है। (व्यवधान) मगर कांग्रेस पार्टी के मेम्बर तो इमर्जेन्सी की मांग कर रहे हैं। (व्यवधान)

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री वसंत साठे): यह बात सच नहीं है। वह कुर्सी के लोभ की वजह से वापस लिया गया था—फूट थी, इसलिए वापस लिया गया था।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: हमारे विरोधी यह भी नहीं समझ सकते हैं कि जनता सरकार के खिलाफ कड़ाई करने के शिकायत नहीं है, शिकायत है ढिलाई करने की हमने विरोधियों को नजरबंद नहीं किया ।

श्री राम प्यारे पनिका: ढिलाई करने वालों को जनता पसंद नहीं करती है। इसी लिए उसने इन लोगों को हटा दिया।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: इसी लिए इन्होंने कड़ाई करने का फैसला किया है।

श्री राम प्यारे पनिका: जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप यह बिल लाया गया है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: मैं जानना चाहता हूं कि इस बिल से जनता की कौन सी आकांक्षाएं पूरी होने वाली हैं। आज देश में जन-असंतोष का जो दावानल सुलग रहा है, हजारों लोगों को नजरबंद कर के भी आप उसे शान्त नहीं कर सकते। दस महीने हो गये हैं, आसाम जल रहा है। फौज को बुला कर आसाम की समस्या को हल नहीं किया जा सकता है। **(व्यवधान)** किसानों को अगर उनकी फसल की उचित कीमत नहीं मिलेगी, तो वे आन्दोलन करेंगे। **(व्यवधान)**

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order, please. Any Member interrupting should know this. If he wants to interrupt the Speaker, Shri Vajpayee, first he must yield. Then only you can put the thing. If he does not yield you cannot interrupt. Every one of you gets up so often.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: You know, I am not yielding.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Thatt is why from here you have gone there!

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: उपाध्यक्ष महोदय, लोकतंत्र में शान्तिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन के लिए पूरा अधिकार है। यदि किसान गन्ने की उचित कीमत मांगे, तीस रुपये क्विंटल की आवाज उठायें, ------- **(व्यवधान)** उपाध्यक्ष महोदय, किसानों को अधिकार है कि मिलों को अपना गन्ना बेचने से रोकें।

श्री वसंत साठे: रास्ता रोकना भी विरोध-प्रदर्शन में आता है शायद।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: श्री वसंत साठे जानते हैं कि महाराष्ट्र में "रास्ता रोको" आन्दोलन में उनकी पार्टी के नेता भी शामिल हैं। **(व्यवधान)**

श्री वसंत साठे: एक भी नहीं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने ऐलान किया कि अगर किसानों से यह कहा जायेगा कि चीनी मिलों को गन्ना मत बेचो, तो ऐसा कहने वाले नेताओं को नेशनल सिक्युरिटी आर्डिनेंस के अन्तर्गत जेल भेज दिया जायेगा । **(व्यवधान)**

AN HON. MEMBER: He said about obstructing the farmers.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : इस आर्डिनेंस की धाराएं देखिए । इससे पहले एसेंशल कामोडिटीज के नाम पर जो कानून बनाया गया, उसको उठा कर देखिये । यह "डिफेंस आफ इंडिया" और "सिक्युरिटी आफ इंडिया" इतना व्यापक है कि कोई गतिविधि इसमें से बचने वाली नहीं है ।

एक और विचित्र बात है । इसमें कहा गया है कि अगर कोई विदेशों के साथ इस देश के सम्बन्ध बिगाड़ने की कोशिश करेगा, तो उसके विरुद्ध भी कार्यवाही की जा सकेगी । मुझे लगता है कि अगर सचमुच कोई विदेशों के साथ सम्बन्ध बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है, तो वह सब से पहले गृह मंत्री, ज्ञानी जैल सिंह, हैं, जो हर चीज में, हर उपद्रव में, हर अशांति में विदेशी हाथ देखते हैं । जब उनसे पूछा गया कि आप विदेशी हाथ के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं करते हैं, तो वह कहते हैं कि विदेशी हाथ दिखाई नहीं देता है, कार्यवाही कैसे करें । अगर हाथ दिखाई नहीं देता है, तो वह विदेशी है या स्वदेशी, यह कैसे पता चला? जब गृह मंत्री ने मुरादाबाद में विदेशी हाथ होने की बात कही तो श्रीमती इंदिरा गांधी ने इस बात का खंडन नहीं किया । पहले वह मौन धारण करके बैठी रहीं कि मुरादाबाद में कोई विदेशी हाथ है या

नहीं, मगर उनके सहयोगी विदेशी हाथ की बात कहते रहे, सरकारी प्रवक्ता ने मुंह नहीं खोला । जब प्रधान मंत्री मुरादाबाद गईं तो कहने लगीं कि विदेशी हाथ नहीं है, विदेशी हस्तक्षेप है । There is no foreign hand, there is foreign interference. यह कैसी सरकार है जो विदेशी हस्तक्षेप को बर्दाश्त करती है? मैं पूछना चाहता हूं कि "फारेन हैंड" और "फारेन इंटरफेयरेंस" में क्या फर्क है? अपनी असफलता पर पर्दा डालने के लिए कहीं विदेशी हाथ की बात, कहीं विरोधियों को दोषी ठहराना, कहीं अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देना, इस तरह की बातें की जाती रही हैं । मगर ये चीजें अब चल नहीं रही हैं ।

दस महीने गुजार दिए यह कह कर कि जनता के राज में हालत इतनी खराब हो गई थी कि हम लोगों को ठीक करते करते वक्त लगेगा। लोगों ने पूछना शुरू कर दिया कि कितना वक्त लगेगा तो पूछने वालों का मुंह बन्द करने के लिए अब नेशनल सेक्योरिटी आर्डिनेंस ले आए । आप बोल नहीं सकते, आप मुंह नहीं खोल सकते, पुलिस अफसर के हाथ में आप की आजादी होगी । पुलिस के कमिश्नर दिल्ली में सब जगह नहीं देख सकते । हालत यह होगी कि थानेदार तय करेगा कि किस व्यक्ति को नजरबन्द किया जाय या न किया जाय । हमने एमर्जेंसी में देखा कि नजरबन्द करने का डर दिखा कर लोगों से रिश्वत ली जाती थी, लोगों को आतंकित करने की कोशिश होती थी। सरकार उसी तरफ आगे बढ़ रही है ।

जब आर्डिनेंस जारी किया गया तो यह कहा गया था, आप आर्डिनेंस को पढ़ कर देखें, क्लाज 9 (2) है, उस में कहा गया था कि एडवाइजरी बोर्ड होगा । यह भी कहा गया कि एडवाइजरी बोर्ड का अध्यक्ष चीफ जस्टिस की सलाह से नियुक्त किया जाएगा और जो दो मेम्बर होंगे वह या तो सिटिंग जज होंगे या रिटायर्ड हाईकोर्ट के जज होंगे। अब जो बिल आया है उस में इस को बदल दिया गया है। मैं जानता हूं विधि मंत्री कहेंगे या गृह मंत्री कहेंगे 44वें अमेंडमेंट के अंतर्गत जो नोटिफिकेशन होना चाहिए था वह जनता सरकार ने नहीं किया, मगर आप ने आर्डिनेंस जारी करने से पहले वह क्यों नहीं देखा। आर्डिनेंस अलग है, बिल अलग है। कई प्रदेशों में एडवाइजरी बोर्ड बन गए हैं जो कंजर्वेशन आफ फारेन एक्सचेंज एंड प्रिवेंशन आफ स्मग्लिंग एक्ट के अंतर्गत बने हैं, प्रिवेंशन आफ ब्लैक-मार्केटिंग एंड मेंटिनेंस आफ सप्लाई आफ एसेंशियल कमोडिटीज के अन्तर्गत बने हैं, मगर नेशनल सेक्योरिटी बिल के अन्तर्गत जो बोर्ड बनेंगे उन में किसी भी एडवोकेट को जिस की दस साल तक की प्रेक्टिस होगी उसे सरकार नियुक्त कर देगी। चुन-चुन कर एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य भरे जाएंगे । वैसे भी हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपनी इच्छा के जजों को लाने की कोशिश हो रही है । स्थान खाली पड़े हैं, यह कहा जा रहा है कि हाई कोर्ट में एरियर्स बहुत हैं और इसलिए हम सिटिंग जज को इस काम के लिए खाली नहीं कर सकते । यदि ऐसा है तो आप जजों की संख्या बढ़ा सकते हैं। लेकिन कल भी हम ने देखा और आज फिर इस बात की चेष्टा हो रही है कि सरकार अदालत के सामने नहीं जाना चाहती । कल जूडिशियल मैजिस्ट्रेट का अधिकार एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट को दे दिया गया । आर्डिनेन्स और बिल के बीच में फर्क करके एक कमी का फायदा उठा कर कि नोटिफिकेशन नहीं हुआ था, सरकार एडवाइजरी बोर्ड ऐसा बनाना चाहती है जिस में उस की इच्छा के लोग नियुक्त हो कर जाएंगे। ऐसे एडवाइजरी बोर्ड में जब मामले जाएंगे वह मामले तय हो सकें इस के लिए जिन्हें नजरबंद किया जाएगा उन्हें वकीलों की सहायता पाने का अधिकार नहीं होगा। दिल्ली में ऐसे मामले हैं कि डिटेंशन आर्डर दे दिया गया लेकिन डिटेंशन आर्डर अंग्रेजी में लिखा हुआ है। जिस को आर्डर दिया गया वह अंग्रेजी जानता नहीं है। वकील की सलाह नहीं ले सकते । वह अपनी सफाई कैसे पेश करेगा? इसका मतलब एक ही है कि सारी सत्ता का केन्द्रीयकरण, निरंकुश, स्वेच्छाचारी शासन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन, न्यायपालिका के अधिकारों पर आघात और देश में इस तरह का एक माहौल बनाना कि भारत की सुरक्षा खतरे में है और जब सुरक्षा खतरे में है तो व्यक्तिगत आजादी का क्या मतलब है?

उपाध्यक्ष महोदय, सरकार ने इस बात का खण्डन किया है और कहा है कि वह पाकिस्तान से किसी तरह की मुठभेड़ नहीं चाहती

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

है, मैत्री सम्बन्ध और बढ़ाना चाहती है-- मैं इस एलान का स्वागत करता हूं । आजकल रूस के नेता हमारे देश में आए हुए हैं उनकी और हमारी मैत्री पुरानी है, काल की कसौटी पर खरी उतरी है, हमें उस मैत्री को और मजबूत करना चाहिए, लेकिन साथ ही उनसे यह भी कहना चाहिए कि उन्होंने अफगानिस्तान में जो कुछ किया है वह ठीक नहीं किया है और अगर वैसा ही पोलैण्ड में भी करने जा रहे हैं तो वह भी ठीक नहीं होगा। (व्यवधान) लेकिन इस मामले को मैं यहां पर नहीं उठा रहा हूं । चीन के साथ हमारे सम्बन्ध सामान्य करने की बातचीत हो रही है। नैपाल और बंगलादेश हमारे मित्र हैं । तो भारत की सुरक्षा के लिए खतरा कहां है? देश के भीतर जरूर तनाव है। देश में सामाजिक तनाव बढ़ रहे हैं, देश में आर्थिक गैरबराबरी बढ़ रही है । अगर देश में पिछड़ापन है, अगर सबके बराबर अधिकार नहीं हैं, अगर किसी वर्ग के साथ या किसी क्षेत्र के साथ पिछले 33 वर्षों में हम न्याय नहीं कर पाए तो तनाव बढ़ेंगे। लेकिन उन तनावों को हल करने का तरीका जेलों के दरवाजे खोलना नहीं है, उसके लिए व्यक्तियों के दिलों के दरवाजे खोलने पड़ेंगे । (व्यवधान)

मेरा निवेदन है कि यह अध्यादेश भारत के संविधान की भावना के विपरीत है। यह आपके इस एलान को भी झुठलाता है कि आप जनबल के आधार पर चुने गए हैं। यह आपके इस दावे का खोखलापन भी साबित करता है कि देश में सब कुछ ठीक है । यह खतरे की घंटी है। आज व्यक्तियों को नजरबन्द करने का अधिकार लिया जा रहा है और कल आधारभूत अधिकारों को पूरी तरह से अपहृत करने की कोशिश की जायेगी । यह चोर दरवाजे से इमर्जेन्सी लाने की कोशिश नहीं है, बल्कि खुले दरवाजे से, राजपथ पर चलकर तानाशाही आ रही है। मुझे दुःख है कि यह काम गृह मन्त्री जी को करना पड़ रहा है । मैंने उदाहरण दिया कि सरदार पटेल नजरबन्दी का कानून लाने से पहले रातों को सोये नहीं थे और ज्ञानी जैल सिंह के लिए दिन को भी सोना आसान हो जायेगा जब हम सभी लोग जेलों में बन्द हो जायेंगे ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Resolution moved:

"That this House disapproves of the National Security Ordinance, 1980 (Ordinance No. 11 of 1980), promulgated by the President on the 22nd September, 1980."

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI ZAIL SINGH): Sir, I beg to move:

"That the Bill to provide for preventive detention in certain cases and for matters connected therewith, be taken into consideration."

उपाध्यक्ष महोदय, मैं समझता था कि श्री वाजपेयी जी की जो स्पीच हुई है, वह तो इसके खिलाफ जो कुछ उन्होंने कहना था, कह गए हैं । उनका जवाब तो मैं अभी नहीं दूंगा, आखिर में उन की सारी बातों का जवाब दूंगा और मुझे विश्वास है कि माननीय सदस्यों को आजकल के हालात की पूरी चिन्ता है। साम्प्रदायिक भेदभाव, जातिगत झगड़ों, सामाजिक तनाव, अतिवादियों के कार्यकलाप, अनुसूचित जातियां और जनजातियां, अल्पसंख्यकों और समाज के दूसरे कमजोर वर्गों पर अत्याचार और विभिन्न मुद्दों पर हिंसात्मक आन्दोलन देश के जनतन्त्र के हित में नहीं है। कोई भी सरकार यदि वह अपने उत्तरदायित्व को समझती है, बिना प्रभावी कदम उठाए अपना उत्तरदायित्व नहीं निभा सकती है। अलहदगी वाले कार्यकलापों और क्षेत्रीय आन्दोलनों ने देश के कुछ भागों में सिर उठाया है। यह तत्व कानूनी सत्ता के लिए गम्भीर चुनौती हैं और कई बार समाज को बहुत हानि पहुंचाते हैं। इसलिए यह आवश्यक समझा गया है कि राष्ट्र विरोधी और समाज विरोधी तत्वों से कठोरता से और प्रभावी रूप से निपटने के लिए सरकार के पास पर्याप्त निवारक शक्तियां होनी चाहिएं ।

यह बिल केन्द्र सरकार को किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी का आदेश देने का अधिकार देता है, यदि यह आश्वस्त हो जाये कि भारत की सुरक्षा के खिलाफ किसी भी ढंग से उसे काम करने से रोकने के लिए

एसा करना आवश्यक है। यह केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों को ऐसे किसी भी व्यक्ति के गिरफ्तारी के आदेश देने का भी अधिकार देता है। यदि यह आवश्यक हो जाए कि राज्य की सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने या समाज के लिए अनिवार्य आपूर्तियों और सेवाओं को बनाए रखने के विरुद्ध उसे किसी भी प्रकार का काम करने से रोकने के लिए ऐसा करना आवश्यक है। इससे राज्य सरकार, ऐसी अवधि के दौरान, जिसका उल्लेख ऐसा अधिकार दिए जाने वाले आदेश में हो, जिला मैजिस्ट्रेट या पुलिस कमिशनर को उक्त शक्तियों के इस्तेमाल के लिए शक्ति भी दे सकेगा।

विभिन्न राज्य सरकारों ने कुछ एक बन्दी अधिनियम बनाए हैं या आर्डिनेंस जारी बन्दी अधिनियम बनाए हैं या आर्डिनेंस जारी किए हैं, लेकिन सरकार ने सोचा कि व्यापकता और एकरूपता के हित में सारे देश के लिए एक केन्द्रीय कानून बेहतर होगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा बिल, 1980 में इसके गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए जरूरी उपाय रखे गए हैं और यह नजरबन्द किए जाने वाले व्यक्ति के लिए न्याय भी सुनिश्चित करता है। आप जानते हैं कि तीन मौके गिरफ्तार होने वाले को मिलेंगे। एक तो एडवाइजरी बोर्ड के पास जाएगा और उसके लिए पांच दिन के अन्दर-अन्दर उसको ग्राउंड्स देनी होंगी। किसी खास कारण के संबंध में अगर पांच दिन से ज्यादा समय लगे तो लिखत रूप से मैजिस्ट्रेट को, मुताल्लिका आफिसर को लिख कर देना होगा, मगर फिर भी 10 दिनों से ज्यादा उसको समय नहीं लगे। इस आदेश के विरुद्ध अगर एडवाइजरी बोर्ड फैसला दे देता है, तो उसको फौरन छोड़ दिया जाएगा। उस के बाद वहां के स्थानीय अफसर का किया हुआ फैसला स्टेट सरकार के पास जाएगा और उस सरकार के खिलाफ भी शिकायत हो तो केन्द्रीय सरकार के पास जाएगा। इस तरीके से उन को बहुत से मौके मिलेंगे ताकि किसी ऐसे एक्ट के अधीन वह ज्यादती न कर सकें, अफसरान अपनी मन-मर्जी न कर सकें और किसी निर्दोष को जेल में न डाल सकें।

15.0 hrs.

धारा 11 के अधीन यह बोर्ड सरकार या किसी भी व्यक्ति से नई जानकारी की मांग कर सकता है और यदि चाहे तो नजरबन्द व्यक्ति की सुनवाई भी कर सकता है। इस बिल के अधिन जो धाराएं आएंगी मैं उन सब की चर्चा नहीं करना चाहता हूं। लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि यह बिल इस बात को ध्यान में रख कर संसद के सामने लाया गया है कि देश के हालात बहुत खतरनाक तरीके की तरफ दौड़ते जा रहे हैं। आप को मालूम है—तीन-चार सालों में हमारे देश में कास्टिज्म, कम्यूनलिज्म, रीजनलिज्म को बढ़ावा मिला, उन को रेस्पैक्टिबिलिटी मिली और उस रेस्पैक्टिबिलिटी की वजह से यह बात हर सभा सोसायटी, एडमिनिस्ट्रेशन, गर्ज कि हर जगह पहुंच गई। अभी-अभी वाजपेयी जी ने जो कहा—मैं उन की बातों का जवाब नहीं दे रहा हूं, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि पहले तो आप कहते रहे कि जनता सरकार ने काम खराब किया है, उस को सुधारने में देर लगेगी, लेकिन अब तो करीब एक साल होने वाला है, इस बात को अब आप नहीं कह सकते। मैं कहता हूं—आप बिलकुल ठीक कहते हैं। जो वर्तमान सरकार है, यह उस की जिम्मेदारी है और वह इस को अपने सिर पर लेने से इन्कार नहीं कर सकती और न हम करेंगे, लेकिन आप जानते हैं कि कोई भी गाड़ी या कोई भी सरकार की मशीनरी, अगर एक बार दुरुस्त की गई हो और उस को फिर से खराब कर दिया जाये, तो खराब करने के लिये तो दो घन्टे ही काफी होते हैं, लेकिन उस की मरम्मत करने में बहुत देर लगती है।

डिप्टी स्पीकर साहब, उस वक्त ऐसी गाड़ी चली, जिस में किसी ने नहीं देखा कि यह ट्रक का पुर्जा है, इस को कार में डालना है या नहीं डालना है, यह एम्बेसेडर का पुर्जा है, इस को फीएट में डालना है या नहीं डालना है। इसीलिये उस वक्त जो गाड़ी चली, उस का एक्सीडेन्ट हुआ और उस एक्सीडेन्ट में, वाजपेयी जी, आप को भी जख्म लगा और दूसरी तमाम पार्टियां भी जख्मी हुईं। अब हम उस तरह की गाड़ी नहीं चलाना चाहते हैं जिस से सब जख्मी हो जायें।

[श्री जैल सिंह]

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जब बिल पेश किया था तो उन को कई दिनों तक नींद नहीं आई। यह बात मुझे तो कहीं दिखलाई नहीं दी कि सरदार पटेल ने जब बिल पेश किया था तो उस वक्त यह बात कही हो। मेरे पास सरदार पटेल की तकरीर का कुछ हवाला मौजूद है। . . .

श्री फूल चन्द वर्मा: अगर इस वक्त नहीं मिलता हो तो कल बतला देना ।

श्री जैल सिंह : अभी बतलाता हूं। मैंने पिछली बार जब इस बिल को इन्ट्रोड्यूस किया था, उस वक्त भी इन बातों की बहुत चर्चा हुई थी, मैं उन को फिर से दोहराना नहीं चाहता हूं । लेकिन मैं अर्ज करना चाहता हूं कि 25 फरवरी, 1950 को स्वर्गीय सरदार पटेल ने पहला निवारक नजरबन्दी बिल इस हाउस में पेश किया था। उस वक्त उन को नींद आई या नहीं आई, इस के बारे में तो उन्होंने कुछ नहीं कहा, लेकिन जो कहा था, उस को आप सुन लें–

"जब कानून तोड़ा जा रहा हो और अपराध किये जा रहे हों, साधारणतया क्रिमिनल ला को लागू किया जाता है। लेकिन जब कानून के आधार को ही नष्ट किया जा रहा हो और ऐसे हालात पैदा करने की कोशिश की जा रही हो जिन में, श्री मोतीलाल नेहरू के शब्दों में "आदमी आदमी नहीं होंगे और कानून कानून नहीं होगा," हम महसूस करते हैं कि इमर्जेन्ट और एक्सट्रा-आर्डीनरी कानून लागू करना उचित है।"

स्व. श्री गोविन्द वल्लभ पन्त जी का भी ऐसा ही विचार था । जब उन्होंने 5 दिसम्बर, 1957 को इसी सदन के सामने एक बिल पेश किया था, तो उन्होंने भी यह कहा था–

"प्रत्येक व्यक्ति की स्वतंत्रता बढ़ाते हुए और यह देखते समय कि किसी पर भी गैर-जरूरी रोक न लगाई जाए, मैं समझता हूं कि यह हम सभी का कर्त्तव्य है कि जहां तक मुमकिन हो, देश के हालात साधारण रहें, अधिक से अधिक लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उपभोग कर सकें, डर के कारण, उन लोगों के कारण जो रूपोश हो कर काम करते हैं या ऐसी ताकतों के कारण जो भावना के आवेग में या गुस्से में आपे से बाहर हो जाती हैं, उन की स्वतंत्रता को भंग न किया जाए. . .मैं कायल हो गया हूं कि जिन हालात में से हम गुजर रहे हैं, उन में देश के हित में इस अधिनियम को लागू करना निहायत जरूरी होगा।"

डिप्टी स्पीकर साहब, इस के अलावा, एक बात 2 अगस्त, 1952 को इसी सदन में पं. जवाहरलाल नेहरू जी ने कही थी–

"सदन अच्छी तरह जानता है कि जो सरकार इस तरह का बिल पेश करती है, जिस पर आसानी से हमला किया जा सकता है और आसानी से जिस की आलोचना हो सकती है, वह अपने को अनपापूलर बना सकती है और इसे जानते हुये भी, सरकार पूरी हिम्मत के साथ इस बिल को पेश कर रही है। . . . इस तरह का बिल वही सरकार पेश कर सकती है, जो अपनी जिम्मेवारी को पूरी तरह महसूस करती हो। उस से गल्तियां हो सकती हैं, हम सभी से गल्तियां होती हैं लेकिन वह ऐसा तभी कर सकती है जब वह अपनी जिम्मेवारी महसूस करती हो और चाहे जो भी हो, अपनी जिम्मेवारी निभाना सरकार का फर्ज है ।"

यह पं. जवाहरलाल नेहरू जी का कहना है।

एक माननीय सदस्य: अंग्रेजी में क्या कहा था?

श्री जैल सिंह: आप अगर अंग्रेजी में उसे सुनना चाह, तो मैं सुना सकता हूं।

जो कार्यवाही है, वह अंग्रेजी में लिखी हुई है और मैंने अंग्रेजी का तरजुमा करवाया है। इस तरजुमे में कोई फर्क नहीं है। अगर कोई फर्क लगे और तरजुमा करने वाले की अगर कोई गलती होगी, तो उस की जिम्मेवारी मैं लूंगा । अगर किसी को इस में कोई शंका है, तो मेरे पास अंग्रेजी का भी कोटेशन है और मैं उस को पढ़ सकता हूं ।

तो डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह कहना

चाहता हूं कि हम जानते हैं कि सुचारु ढंग से इस बिल को लाने वाली सरकार के खिलाफ कुछ समय तक जो अनपापुलेरिटी होगी, उस का मुकाबला भी उस को करना पड़ेगा। और जो कुछ कहना चाहते हैं कह सकते हैं। लेकिन जो इसका विरोध करने वाले हैं मैं उन से एक बार फिर प्रार्थना करता हूं कि अगर इस देश में आग लगने के बाद कुआं खोदने की बात करेंगे तो उस से फिर बात नहीं बनेगी। यह जो आने वाली आग है, इस देश के टुकड़े टुकड़े करने वाली आग है, इस को हमें रोकना है।

वाजपेयी जी ने कहा कि हम ने तो बिल वापस ले लिया। हो सकता है कि आपने बिल वापस ले लिया हो, आप कर ही क्या सकते थे? आप तो पांच साल के लिए आये थे लेकिन ढाई साल के बाद वापस चले गये। हम यह नहीं कर सकते हैं। हम ने तो यह बिल आपके सामने रखा है। हम तो इसे पास करेंगे और आप से भी पास करवाना चाहते हैं। आप ने अपनी मजबूरियों की वजह से बिल वापस ले लिया हो लेकिन हमारी वे मजबूरियां नहीं हैं। हमारी पार्टी में कोई मजबूरी नहीं है, हमारी पार्टी में एकता है, हमारी नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी में सब को पूरा विश्वास है। हमारी पार्टी में आपकी पार्टी की जैसी बगावत नहीं है। हमारे में हिम्मत भी है और हम इस सदन से यह बिल पास करा सकते हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Motion moved:

"That the Bill to provide for preventive detention in certain cases and for matters connected therewith, be taken into consideration."

Now, we shall take up amendments.

SHRI G. M. BANATWALLA (Ponnani): I beg to move:

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 20th February, 1981." (17)

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna): I beg to move:

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 30th April, 1981." (18)

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR (Ratnagiri): I beg to move:

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 31st March, 1981." (50)

SHRI VIJAY KUMAR YADAV (Nalanda): I beg to move:

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 31st January, 1981." (188)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, Shri Jagpal Singh. Your party has been allotted 14 minutes.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: Is it out of four hours discussion?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Five hours.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: Fourteen minutes cannot be out of five hours.

MR. DEPUTY-SPEAKER: It is only for your information.

श्री जगपाल सिंह (हरिद्वार): डिप्टी स्पीकर साहब, जो 22 सितम्बर, 1980 को सरकार की तरफ से आर्डिनेंस, राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर जारी किया गया था, उसके बारे में माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने बहुत कुछ बताया है। मैं इस बात में बिल्कुल विश्वास रखता हूं कि इस अध्यादेश के वे उद्देश्य नहीं हैं जो कि इस में बताये गए हैं। आप असमाजिक तत्वों के नाम पर, ब्लैकमार्केटिंग के नाम पर, साम्प्रदायिकता पैदा करने वालों के नाम पर हिन्दुस्तान के लोगों की आजादी को छीनने के लिये जा रहे हैं। आप जो इस बिल के बारे में कहते हैं उसमें हमें बिल्कुल विश्वास नहीं है क्योंकि माननीय प्रधान मंत्री जी ने जब 1975 में एमर्जेंसी लगायी थी तो उन्होंने बार बार इस देश के लोगों को

[श्री जगपाल सिंह]

विश्वास दिलाया था कि हम मीसा, डी. आइ. आर. का इस्तेमाल हिन्दुस्तान के लोगों के खिलाफ नहीं करेंगे, हिन्दुस्तान के नेताओं के खिलाफ नहीं करेंगे, हिन्दुस्तान के जो मजदूर हैं, जो अपनी मांगों और बोनस के लिए आन्दोलन करेंगे हम उनके खिलाफ भी इसका इस्तेमाल नहीं करेंगे। आज फिर उसी पार्टी के गृह मंत्री ज्ञानी जैल सिंह इस बिल को लाकर यही कहते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आपकी पार्टी और आपकी प्रधान मंत्री का भूतकाल इस बात को साबित कर चुका है कि आप ऐसा विश्वास पहले भी दिला कर इस देश के लोगों को गुमराह कर चुके हैं। हमारे देश के लोगों को अच्छी तरह से पता है कि मीसा, डी. आइ.आर. और एमर्जेंसी में इस देश के एक लाख लोगों को गिरफ्तार कर के जेल में डाल दिया गया था। प्रधान मंत्री जी ने इन कानूनों का इस्तेमाल इस देश के मजदूरों, विधार्थियों और राजनीतिज्ञों के खिलाफ किया। हम लोग जेलों में रहे हैं और हमें मालूम है कि एमर्जेंसी के समय 18-18 और 19-19 महीने तक ऐसे लोगों को जेलों में रखा गया, ऐसे ऐसे लगों के ऊपर मुकदमा बनाया गया जिनका कोई कसूर नहीं था। मैं जब जेल में था तो उस समय एक 80 वर्ष के बूढ़े को पकड़ कर लाया गया और यह मुकदमा बनाया गया कि वह खंभे पर चढ़ कर तार काट रहा था। आपका भूत यह सब कुछ बताता है।

आप इस कानून का इस्तेमाल मंहगाई बता कर, पूंजीपतियों के दबाव में आ कर के, मजदूरों को कम तंख्वाह, कम पैसा देने के लिए करने जा रहे हैं। उनकी मांगों को न मानकर आप पूंजीपतियों के उत्पादन को बढ़ाना चाहते हैं, ताकत का इस्तेमाल करके। इमरजेंसी में हमें याद है कि आपने प्रोडक्शन को बढ़ाने के नाम पर देश के मजदूरों का शोषण किया था, उनके आंदोलनों पर प्रतिबंध लगा दिया था, बोनस 8.33 प्रतिशत फिक्स कर दिया था। इसके ऊपर यदि वर्किंग क्लास ने आंदोलन करना चाहा तो मीसा, डी.आई.आर. में जेलों में भेज दिया था। इस कानून का मकसद साफ है कि आप वर्किंग क्लास के मूवमेंट को दबाना चाहते हैं।

मैं माननीय गृह मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि आप साम्प्रदायिकता को मिटाने के नाम पर यह कानून ला रहे हैं, आर्डिनेंस पास करने जा रहे हैं, मैं पूछना चाहता हूं कि जिन लोगों पर मुरादाबाद में ईदगाह पर फायरिंग किया गया था तब क्या किसी मजिस्ट्रेट ने आदेश दिए थे, उससे पूछा जाए कि उसने गोली चलाने का आदेश क्यों दिया, लेकिन एक भी अफसर ने यह जिम्मेदारी नहीं ली वहां के किसी मजिस्ट्रेट ने आदेश नहीं दिया था, अगर आदेश नहीं दिया था तो बिना आदेश के ईदगाह पर गोली क्यों चलाई गई? अगर गोली चलाई है तो कहिए देश के लोगों को कि वहां पर सांप्रदायिक झगड़ों में आपकी पुलिस, पी. ए. सी. दोषी थी। अगर दोषी थी तो क्या इस कानून के अंतर्गत आप यह गारंटी देंगे कि इसको पिछले समय से लागू किया जाएगा और उन दोषी लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। मैं बताना चाहता हूं कि जो झगड़े मुरादाबाद के अंदर हुए वे साम्प्रदायिक नहीं थे तब आपके रेडियों, आपके अखबार, आपके दूरदर्शन ने उसे साम्प्रदायिक झगड़ा बनाकर क्यों बताया। उस पुलिस और जनता के झगड़े को साम्प्रदायिक झगड़ा क्यों बताया? अगर यह आपके आदेश के बगैर हुआ तो क्या आप उन अखबारों और आल इंडिया रेडियों के अधिकारियों के खिलाफ इस कानून के तहत कार्यवाही करेंगे? अगर किसी अधिकारी या मिनिस्टर ने दबाव दिया था तो क्या आप उस मिनिस्टर के खिलाफ इस कानून के अंतर्गत कार्यवाही करेंगे?

वीकर सेक्संस के लोगों को गरीबी की रेखा से नीचे जीवन व्यतीत करने के लिए आपकी पुलिस, आपका एडमिनिस्ट्रेशन, आपकी ब्यूरोक्रेसी मजबूर कर रही है।

आपने कहा कि हम इस कानून के अंतर्गत चोर बाजारियों, जमाखोरों को पकड़ना चाहते हैं, मैं पूछना चाहता हूं कि पिछले दिनों चीनी, चावल आदि चीजों की कीमतें सरकार ने बढ़ा दीं तो क्या आप अपनी सरकार के खिलाफ भी कोई कार्यवाही करेंगे? आपकी सरकार देश के अंदर कीमतें बढ़ाने में जमा खोरों और पूंजीपतियों का सहयोग कर रही है, उसके खिलाफ कार्यवाही

क्यों नहीं की गई? पूंजीपतियों और जमाखोरों के खिलाफ कार्यवाही करने का क्या आपके पास कोई कानून नहीं था?

इस आर्डिनेन्स के आने के बाद आपने गुजरात के दो भारतीय जनता पार्टी के विधायकों को गिरफ्तार किया, श्री जगदंबा एवं श्री हरीश कुमार को आपने गिरफ्तार कर लिया जबकि इस हाउस में आप कह रहे हैं कि राजनीतिक लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की इसमें इजाजत नहीं दी जाएगी तो जिन्होंने उनको गिरफ्तार किया है क्या आप उनको गिरफतार करके जेल में भेजेंगे? आपको हमें यह गारंटी देनी पड़ेगी । दूसरे अभी हमारे संसद सदस्य श्री अरुण कुमार राय को और एक विधायक श्री शंकर चटर्जी को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है, आप जेल क्यों नहीं भेजेंगे, जिन लोगों ने संविधान की कसम खाई है, चाहे इस हाउस में या किसी प्रदेश के हाउस में खाई है वे अंतुले साहब कसम खाकर सारे मुल्क में कह रहे हैं कि इस देश में प्रेसीडेंशल गवर्नमेन्ट होनी चाहिए। आपने श्री अंतुले के खिलाफ जो आपकी पार्टी के चीफ मिनिस्टर हैं और जिन्होंने वर्तमान संविधान की कसम खाई है कोई वार्निंग दी है? वह संविधान के खिलाफ भाषण दे रहे हैं. . .

SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN (Kanpur): Has he given notice that he will speak against Mr. Antulay? There is no charge against him. He is naming a person who is not present here.

SHRI H. K. L. BHAGAT (East Delhi): This is against the rule of the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER: No. He is mentioning his name as a side remark.

श्री जगपाल सिंह: श्रीमति इन्दिरा गांधी की सरकार को किसी प्रकार की गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए। लोग इसके खिलाफ उठाएंगे, वर्किंग क्लास इस देश की आवाज अपनी बहबूदी के लिए, अपनी मजबूरियों को देखते हुए बोनस के लिए जरूर आवाज उठाएगी, आपके इस कानून के खिलाफ आवाज उठाएगी और अगर आप यह समझते हैं कि वह दब जाएगी तो यह आपकी गलतफहमी है। पार्लियामेन्ट में हम इसका विरोध कर रहे हैं, बाहर वर्किंग क्लास, पैजेंटरी, विद्यार्थी वर्ग, इंटेलीजेंशिया, खेत और खलिहान में काम करने वाले लोग हम से भी ज्यादा जम कर इसका विरोध करेंगे । अगर जबर्दस्ती आपने देश के लोगों के अधिकारों को छीनने की कोशिश की तो 1977 के चुनाव के बाद जो आपकी पार्टी और सरकार की हालत हुई थी उससे भी बुरी हालत अब आपकी होगी, उससे भी ज्यादा बुरे दिन आपको देखने पड़ेंगे । आपको भूलना नहीं चाहिए कि देश के लोगों ने आजादी की लड़ाई में, पंडित जवाहरलाल नेहरू की रहनुमाई में रोलेट एक्ट का तथा दूसरे ऐसे काले कानूनों का सख्त विरोध किया था । आप हर रोज इस तरह के काले कानून इस हाउस में लाते हैं। पंडित नेहरू, महात्मा गांधी, डा. अम्बेदकर तथा दूसरे हिन्दुस्तान के राष्ट्रीय नेताओं ने आजादी की लड़ाई के जमाने में पूरी दुनिया के साथ वादा किया था कि दुनिया के किसी भी मुल्क में अगर काले कानून लोगों के अधिकारों को छीनने की गर्ज से बनाए जाएंगे तो हिन्दुस्तान के लोग उसका विरोध करेंगे। आजादी की लड़ाई में और आजादी मिल जाने के बाद भी हम ने उनका विरोध किया है । यह चीज हमें विरासत में मिली है । इस विरासत के सहारे हिन्दुस्तान का एक एक नागरिक इस काले कानून का विरोध करेगा । अगर आपने एमरजेंसी की तरह राजनीतिक लोगों को इस के तहत गिरफतार कर जेलों में भेजा तो मत भूलना कि जेलों के अन्दर भी अब आपके मीसा, डी.आई.आर., एमरजेंसी जैसे कानूनों की जो स्थिति रही, वैसी स्थिति नहीं रहेगी । पहले आपने एक आतंक का वातावरण पैदा कर दिया था। अब लोग देख चुके हैं। उन्नीस महीने जेलों में रहने की लोगों को आदत पड़ चुकी है। लोगों को सहन करने की आदत पड़ चुकी है। तब वे नहीं बोले थे। वे एमरजेन्सी के दिन देख चुके हैं। तब आपने हमारे मां बाप को भी हम लोगों से जेलों में मिलने नहीं दिया । मां बहन भी हमें मिलने के लिए गईं तो पुलिस ने उनको भी रोक दिया था। अब देश की माताएं और बहनें, बूढ़ी औरतें और बच्चे मैदान में उतर आए हैं और

[श्री जगपाल सिंह]

वे आपके इस काले कानून का विरोध करेंगे। जब ऐसा इसका व्यापक विरोध होता है तो आपको चाहिए कि आप ऐसा कानून मत पास करिये।

श्री एच. के. एल. भगत (पूर्वी दिल्ली): हमारे माननीय सदस्य श्री अटल बिहारी वाजपेयी हमेशा ही बहुत जोरदार बोलते हैं। लेकिन भाषा के जोर में सत्यता का अंश कम होता है। अभी उन्होंने कहा कि जनता पार्टी एक बिल लाई थी, इस हाउस में बिल को वापिस ले लिया गया था । हम जानते हैं कि कोई भी सरकार बिल लाती है तो पहले उसको कैबिनेट के पास भेजा जाता है, वहां से एप्रुवल हो जाती है तो उसको लाया जाता है और उस पर चर्चा करवाई जाती है। यह सही है कि जनता पार्टी के जमाने में इस में चूंकि बहुत सारे भाई शामिल थे इस वास्ते दो राय थीं। एक राय यह थी कि मीसा को लाना चाहिए और इसको ले आए। मैं वाजपेयी जी का बड़ा आदर करता हूं। मैं उन से बहुत ही विनम्र शब्दों में पूछना चाहता हूं कि जब आपकी सरकार उस बिल को लाई तो आप भी सरकार में थे, कैबिनेट में थे और जब वह मामला वहां आया तो क्या आपने उससे डिसएग्री किया था और आपने कैबिनेट छोड़ी थी, इस्तीफा दिया था और इस तरह से उस बिल का विरोध किया था? हम ने कहीं अखबारों में नहीं देखा कि जो बिल जनता पार्टी की सरकार इस सदन में लाई थी, मोरारजी देसाई की सरकार लाई थी, जिस के आप मंत्री थे...(व्यवधान) अब जरा दिल थाम कर बैठिये, हमारी बारी आई है।

मैं श्री वाजपेयी को बड़े अदब के साथ कहना चाहता हूं कि जो आनरेबल मेम्बर सरकार का मिनिस्टर होने के नाते प्रिंसिपल के तौर पर उस बिल को सपोर्ट कर चुका हो, आज वह उसी बिल को करीब करीब उसी बिल को इतने जोर से विरोध कर रहा है।

प्रैस से माननीय सदस्य, श्री वाजपेयी, भी प्रेम करते हैं और वे भी इनसे प्रेम करते हैं। वह प्रैस के बड़े प्रशंसक हैं ।

एक माननीय सदस्य: क्या आप उसके खिलाफ हैं?

श्री एच. के. एल. भगत: मैं भी उसके हक में हूं । मैं उसके खिलाफ नहीं हूं ।

मध्य प्रदेश में उनकी सरकार थी । सारे प्रेस ने लिखा कि मध्य प्रदेश में श्री वाजपेयी की पार्टी की सरकार मिनी-मीसा लाई है। क्या श्री वाजपेयी ने अपनी सरकार को मना किया? नहीं । मैं अदब से कहना चाहता हूं कि वह बड़े नेता तो हैं, लेकिन बड़े नेता अच्छे अभिनेता भी होते हैं । ज्यादा मैं नहीं कहना चाहता हूं ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि जब देश में सब कुछ ठीक है, तो इस बिल को क्यों लाया जा रहा है । हमने कब कहा कि सब कुछ ठीक है? जब उनकी कृपा है, तो सब कुछ ठीक कैसे हो सकता है? अगर उनका बस चले, तो कुछ भी ठीक नहीं होगा । हमने काफी कुछ ठीक किया है, लेकिन बहुत कुछ ठीक करने की जरूरत है, और उसके लिए इस कानून की जरूरत है । हम महसूस करते हैं कि इसकी जरूरत है ।

15.26 hrs.

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair.*]

श्री वाजपेयी ने कहा कि हम तो दूध से डरे हुए हैं, हम तो छाछ भी फूंक फूंक कर पीते हैं । हम समझते हैं कि छाछ बड़ी अच्छी चीज है, आज देश को छाछ की जरूरत है । हम बड़ी खुशी से छाछ पी रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह सरकार फिर इमर्जेन्सी की तरफ जा रही है, जनता नाराज हो रही है, जनता के गुस्से का तूफान खड़ा हो रहा है, जनता आपके खिलाफ हो रही है। मैं कहना चाहता हूं कि इसमें फायदा है । जनता हमसे नराज होगी, हमारी सरकार हट जायेगी, पता नहीं इस बार वे उन्नीस महीने जेल में रहेंगे या नहीं, लेकिन पच्चीस महीने के लिए उन्हें हुकूमत करने का मौका मिल जायेगा। इस लिए वे क्यों घबरा रहे हैं?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: तो आप यह हमारे फायदे के लिए कर रहे हैं!

श्री एच. के. एल. भगत: हम कोई भी काम अपने फायदे या आपके फायदे के लिए नहीं, किसी के नुकसान के लिए नहीं बल्कि देश और देश की जनता के फायदे के

लिए कर रहे हैं, फिर चाहे हम जीतें या हारें।

मेरे भाई, श्री वाजपेयी, ने कहा कि इन्डिविजुअल फ्रीडम पर हमला हो रहा है। उन्होंने दिल्ली का चर्चा किया और वह इस तरह बोले मानों दिल्ली में पुलिस कमिश्नर ने मालूम नहीं कितने आदमी पकड़ लिये हैं, और गलत पकड़ लिये हैं।

यहां पर एक एडवाइजरी बोर्ड बना हुआ है। वाजपेयी साहब को फैक्ट्स मालूम हैं। मैं उनको इग्नोरेन्ट नहीं मानता। लेकिन मैं उनके लिए "होशियार" शब्द भी इस्तेमाल नहीं करना चाहता। वह बड़े काबिल हैं, एक आल-इण्डिया पार्टी के प्रेजीडेन्ट हैं। दिल्ली में जितने आदमी पकड़े गये हैं— शायद तीस चालिस पकड़े गये हैं—, उनके केसिज एडवाइजरी बोर्ड के पास गये, जिसके चेयरमैन हाई कोर्ट के जज हैं। जितने केसिल रीव्यु हुए हैं, उनमें से शायद एक दो केसिज में उसने डिसएग्री किया, लेकिन बाकी सब में डिटेंशन आर्डर कनफर्म कर दिये। लेकिन श्री वाजपेयी ने इस तरह कहा कि जैसे पुलिस कमिश्नर के पास और कोई काम नहीं है, और साइक्लोस्टाइल्ड लैटर्ज के जरिये दिल्ली में हजारों आदमी अंधाधुंध पकड़े जा रहे हैं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: मैंने यह नहीं कहा।

श्री एच. के. एल. भगत: उन्होंने यह इम्प्रेशन दिया। उन्होंने इतना एग्जेजेरेट कर के बताया वाक्यात को डिसटार्ट कर के बड़े ड्रामेटिक ढंग से पेश किया। मुझे यह देख कर ताज्जुब हुआ कि श्री वाजपेयी दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्होंने दिल्ली के बारे में इस तरह की बातें कहीं।

लिबर्टी की बात कही गई है। किस की लिबर्टी?—चोर की आजादी, बदमाश की आजादी? अगर आज इस देश की जनता की सुरक्षा और सिक्युरिटी को खतरा है, तो वह चोरों से खतरा है, चेन स्नैचर्ज से खतरा है, हरिजनों को जिन्दा जलाने वालों से खतरा है, रेपिस्ट्स से खतरा है, ट्रेन और बसें लूटने वालों से खतरा है, कम्युनल दंगे करने और करवाने वालों से खतरा है, कास्ट के झगड़े करने वालों से खतरा है, देश को सैपरेटिज्म की आग में झोंकने वालों से खतरा है। उन लोगों की आजादी को जितनी जल्दी खत्म कर दिया जाये, देश और देश की जनता के लिए उतना ही अच्छा है।

ब्लैक मार्केटियर्ज वगैरह के बारे में जो प्रिवेंटिव डिटेंशन का ला आया था, वह लोक दल की सरकार ही लाई थी और इस लिए उसूलन उसने उसको सपोर्ट किया था। जहां तक मीसा या प्रिवेंटिव डिटेंशन का ताल्लुक है, आप जानते हैं कि आर्टिकल 22 के मुताबिक वह वैधानिक है। जिस मीसा की चर्चा आप कर रहे हैं कि एटार्नी जनरल ने यह कहा था, उस के बारे में बहुत जोरों से आप ने आग्यु किया था सुप्रिम कोर्ट के सामने, लेकिन सुप्रिम कोर्ट ने उस मीसा को कांस्टीच्यूशनल डिक्लेयर किया था। मैं चाफ जस्टिस को कोई विवाद का विषय नहीं बनाना चाहता। चीफ जस्टिस ने कुछ अपने आबर्जेवेशस किए थे जिस पर आप की सरकार उस समय नाराज हुई थी। लेकिन फिर भी सुप्रिम कोर्ट ने उस मीसा को कांस्टीच्यूशनल डिक्लेयर किया था तो यह कहना कि विधान के खिलाफ है, कोई मानी नहीं रखता। वाजपेयी जी ने सरदार पटेल का नाम लिया। खैर, चांस की बात है, वह भी सरदार थे और आज के हमारे गृह मंत्री जी भी सरदार हैं। सरदार पटेल 1950 में यह ले आए। वाजपेयी जी यह कह रहे हैं कि उस वक्त की परिस्थितियों में वह लाए थे। अगर 1950 की परिस्थिति से 1980 की परिस्थिति आज ज्यादा अच्छी है तो इस से बड़ा सर्टिफिकेट हमें वाजपेयी जी से और क्या मिल सकता है? आप कहते हैं कि डबल स्टैंडर्ड मत कीजिए। मैं कहना चाहता हूं कि डबल स्टैंडर्ड तो आप कर रहे हैं। एक तरफ तो आप कहते हैं कि बहुत खराब हालत है देश की, देश आग में जल रहा है, ला एण्ड आर्डर की हालत खराब हो गई है, चोरों का, गुण्डों का राज हो गया, चारों तरफ तबाही मच रही है, देश बिल्कुल खत्म होने पर आ गया है, यह आप खुद कह रहे हैं, एग्जाबरेटेड ग्रिम, ग्लूमी, डार्केस्ट पिक्चर लाइफ दि प्रोफेशनल प्रोफेट्स आफ डूम आप पेंट करते हैं और फिर कहते हैं कि देश में क्या है, सामान्य कानून चलाइए। क्या आप मानते हैं कि चीफ जस्टिस ने कुछ अपने आबर्जेवेशस ले आए। वाजपेयी जी यह कह रहे कि उस

[श्री एच. के. एल. भगत]

स्थिति अच्छी है? आप खुद कहते हैं कि स्थिति अच्छी नहीं है। आप के मुकाबिले में आज हमारी स्थिति सुधरी है लेकिन फिर भी जो स्थिति है उस से निपटने के लिए इस की आवश्यकता है।

एक बात यह कही गई कि एक मेम्बर आफ पार्लियामेंट को इस कानून में पकड़ लिया। मैं इस बात के सख्त खिलाफ हूं कि किसी मेम्बर आफ पार्लियामेंट को विदाउट एनी जस्टिफिकेशन पकड़ा जाय या किसी सिटिजेन को विदाउट एनी जस्टिफिकेशन पकड़ा जाय। कानून की नजर में मेम्बर आफ पार्लियामेंट और साधारण सिटिजेन दोनों को बराबर होना चाहिए। किसी को भी बिना जस्टिफिकेशन के नहीं पकड़ना चाहिए। अगर उन को पकड़ा और उस का जस्टिफिकेशन नहीं था तो उस को हटा लिया, वापस ले लिया। यह करना चाहिए था। मैं इस बात के बिल्कुल खिलाफ हूं कि इस प्रकार का कोई काम हो और सरकार को इस बारे में पूरी एहतियात रखनी चाहिए कि मैं चोरों डाकुओं के गिरोह कि मैं पोलिटिकल वर्कर हूं अगर कल को मैं ऐसा काम करूं, फर्ज कीजिए कि कम्यूनल दंगे करूं या भड़काऊं या फर्ज कीजिए कि मैं चोरों-डाकुओं के गिरोह का सरगना बन जाऊं या और कोई इस तरह का काम करूं तो महज इसलिए कि मैं पोलिटिकल लीडर हूं या पार्लियामेंट का मेम्बर हूं इसलिए हमारा लिहाज किया जाय? मैं तो कहूंगा कि ज्ञानी जैल सिंह जी को चाहिए कि सब से पहले मुझे जेल में डाल दें। अगर वह नहीं डालते हैं तो वह अपनी ड्यूटी से शर्क कर रहे होंगे।

हमारे सी.पी.एम. के लोग बहुत इन्क्लाबी आदमी हैं। इन्होंने कुछ दिन पहले क्रिमिनल प्रोसीजर कोड में अमेंडमेंट किया जिस में जूडिशियल रिमांड को छः महीने के लिए बढ़ा देने की बात थी। चार्ज शीट दिए बिना 300 दिन तक रखने की मांग कर रहे थे, आखिर में जा कर 6 महीने के लिए वह हुआ। इस के मानी यह हो गए कि बिना चार्जशीट फाइल किए हुए एक आदमी को छः महीने तक वहां रख सकते हैं। क्या इन्डाइरेक्टली यह प्रिवेंटिव डिटेंशन नहीं हो गया? यह त्रिपुरा की सरकार ने किया है। और फिर मेरे भाई यह कहते हैं कि सामान्य कानून में आप क्यों नहीं पकड़ते हैं? सामान्य कानून में प्रिवेंशन के लिए क्या है? पहली बात तो यह है कि प्रिवेंशन इज बेटर दैन क्योर। प्रिवेंशन तो मानते हैं कि होना चाहिए या इन का कहना यह है कि आग लगने दें फिर देखेंगे? इन की दिलचस्पी तो इस में है कि आग लगती जाय। हमारी दिलचस्पी यह है कि आग लगने न पाए। उन की दिलचस्पी है कि आग लग जाय, उन का वेस्टेड पोलिटिकल इन्टेरेस्ट बन जाय, ला एंड आर्डर खराब हो जायें, इस में इनको फायदा है जिस में यह कह सकें कि देख लिया इंदिरा गांधी का राज? यह देख लिया? इन को यह सूट करता है कि ऐसी स्थिति बनी रहे। . .

प्रो. मधु दण्डवते (राजापुर): भगत जी, आप की इजाजत हो तो मैं एक सवाल पूछना चाहता हूं। . . . (**व्यवधान**) . . . मैं संसदीय प्रथा जानता हूं इसलिए मैं भगत जी से इजाजत ले कर इंटरवीन कर रहा हूं।

श्री एच के एल भगत: पूछिए।

प्रो. मधु दण्डवते: आप ने कहा कि चाहे वह संसद् सदस्य हो या अन्य कोई हो, उनके लिए एक ही कानून होना चाहिए। अगर समाज-विरोधी कृत्य कोई करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। मैं आप से एक सवाल पूछना चाहता हूं कि क्या यह सही नहीं है कि आपात काल की स्थिति में कानून में संशोधन करके आप लोगों ने राज्य सभा में यह पास नहीं किया था कि इस देश के प्रधान मंत्री के खिलाफ किसी प्रकार की क्रिमिनल कार्यवाही किसी कोर्ट में नहीं होनी चाहिए? यह आप ने तय किया था या नहीं?

श्री एच. के. एल. भगत: आनरेबल मेम्बर, दंडवते जी ने यह प्रश्न उठाया, हमने किया था और हम समझते हैं हमने ठीक किया था, उस बहस को मैं यहां पर नहीं लाना चाहता। कुछ लोग थे जो सुप्रीम कोर्ट के स्टे-आर्डर के बाद भी कहते थे कि हम जबर्दस्ती प्रधान मंत्री को हटावेंगे। हम लोग प्राइम मिनिस्टर और कुछ ऐसे दूसरे आफिसर्स के लिए सोचते थे कि उन को इस तरह के झगड़ों में न डाला जाए। लेकिन इमर्जेन्सी में जो कुछ भी हमने किया, मैं प्रो. दंडवते जी से कहना चाहता हूं बाअदब, कि उसके बाद चुनाव हुए जिसमें हम हारे लेकिन उसके बाद गए एलेक्शन्स हुए और यह बात जो आनरेबल मेम्बर कह रहे हैं या जो भाषण वाजपेयी जी

ने दिया है उससे भी ज्यादा जोरदार तरीके से वाजपेयी जी ने देश भर में और दिल्ली में भाषण दिया और खुशकिस्मती से चन्द हजार वोटों से बचकर निकल गए। इसलिए यह इश्यूज जो हैं कि इमर्जेन्सी में हमने क्या किया

They have been shattered by the Supreme Court of the people of India.

यह हुआ या नहीं? अभी आन्रेबल मेम्बर ऐसा इम्प्रेशन दे रहे हैं जैसे जनता हमारे खिलाफ हो रही है। वाजपेयी जी ने यह कहा कि हमने मिसमैनेजमेन्ट कर दिया, हमारी असफलतायें हो गईं जिनको छिपाने के लिए नेशनल सिक्योरिटी आर्डिनेन्स हम ले आए। इसको सुनकर बड़ा आश्चर्य हुआ।

If my hon. friends in the opposition wish to remain in a fool's paradise, I do not mind, I would welcome it.

